अध्याय

4

वित्तीय परिव्यय एवं परिणाम

वित्तीय परिव्यय एवं परिणाम

पिछले दो वर्षों के दौरान बजट प्रावधानों तथा व्यय का ब्यौरा नीचे दिया गया है:–

(करोड़ रु. मे)

वर्ष	बजट अनुमान	संशोधित अनुमान	व्यय	सं.अ. के संबंध में व्यय का %
2017-18	745.10	742.61	722.21	96.93
2018-19	770.91	781.85	708.48	91.90

वित्तीय वर्ष 2017–18 के दौरान, 742.61 करोड़ रु. के घटे हुए संशोधित अनुमान में से 722.21 करोड़ रु. उपयोग में लाए गए थे। वित्त वर्ष 2018–19 के दौरान संशोधित अनुमान स्तर पर 781.85 करोड़ रूपये के आबंटन की तुलना में 770.91 करोड़ रूपये का उपयोग किया गया था। उपयोग न की गई राशि मुख्य रूप से केन्द्रीय क्षेत्र की स्कीमों की पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए अनिवार्य प्रावधान से संबंधित थी। वित्त वर्ष 2019–20 के लिए आबंटन 822.05 करोड़ रूपये रखा गया है (केन्द्रीय क्षेत्रक स्कीम–760 करोड़ रूपये तथा स्थापना एवं अन्य केन्द्रीय क्षेत्रक व्यय 62.05 करोड़ रूपये)।

2019.20 के लिए स्थापना तथा अन्य केन्द्रीय क्षेत्र व्यय घटक 62.05 करोड़ रुपए है जिसमें मुख्यतः सचिवालय (आर्थिक सेवाएं), कोयला नियंत्रक का संगठन, नामनिर्दिष्ट एवं प्राधिकारी कोयला खान पेंशन योजनाए 1998 के अधीन अपेक्षित सांविधिक सरकारी अशंदान का भुगतान के लिए अपेक्षित निधियां शामिल हैं।

कोयला पीएसयू के लिए वित्त वर्ष (2019–20) का पूंजी व्यय (सीएपीईएक्स) घटक 20121 करोड़ रुपए है जिसका प्रावधान आंतरिक तथा अतिरिक्त बजट संसाधनों से किया जाना है। पीएसयू–वार विस्तृत रूपरेखा तथा व्यय नीचे दिया गया:

(करोड़ रुपए में)

पीएसयू का नाम	2017-18			2018-19			2019-20
	ब.अ.	सं.अ.	व्यय	ब.अ.	सं.अ.	व्यय	ब.अ.
सीआईएल	8000.00	8500.00	9334.55	9500.00	9500.00	6841.66	10000
एनएलसीआईएल	8948.12	4578.01	5105.43	4298.69	6922.34	7111.14	8271
एससीसीएल	1600.00	1400.00	1477.39	2000.00	1100.00	1108.04	1850
कुल	18548.12	14478	15917.4	15798.7	17522.3	15060.84	20121